तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **अजीत कुमार गोलेछा** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अति. जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353716804554680	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24/02/25	अपीलार्थी अजीत कुमार गोलेछा निवासी समर्थ नगर, जालम विलास, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 25.01.2025 को जोधपुर शहर के शिकारगढ़ क्षेत्र में बोधि इन्टरनेशनल स्कूल के बिना भूरूपान्तरण के अवैध निर्मित भवन में शिक्षा विभाग द्वारा नियमों की अनदेखी कर आदेश की अवहेलना के संबंध में सम्पूर्ण जानकारी एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 175 दिनांक 03.02.2025 से बतलाया कि राजकाज रेफरेन्स सं. 13220556 दिनांक 28.01.2025 द्वारा प्रार्थी को सूचित किया गया कि शिकारगढ़ क्षेत्र में बोधि इन्टरनेशनल स्कूल में संचालित बिना भूरूपान्तरण अवैध निर्मित भवन में शिक्षा विभाग की अनदेखी के संबंध में शिकायत किस तिथि को प्रेषित की है, इसका स्पष्ट उल्लेख नही किया गया, यदि उक्त संबंध में जांच विचाराधीन है तो उसका प्रकरण संख्या का भी उल्लेख नही किया गया है जिसके अभाव में सूचना उपलब्ध कराया जाना संभव नही है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid

Digitally signed by G[illegible]rav Agrawal
Designation: Colle[illegible] & District
Magistrate
Date: 2025.02.2[illegible]6:50:12 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 13799586